

# शतरंज के दिग्गजों ने रचा इतिहास अरुण कटारिया बने विजेता

- रैपिड रेटिंग शतरंज स्पर्धा में हुए
- रोमांचक मुकाबले

**उज्जैन।** 64 खानों के इस खेल में अपनी 16-16 मोहरों की सेना के साथ उतरे दिमाग के जादूगरों ने दूसरे दिन भी स्पर्धा का रोमांच बनाए रखा। छठें राउंड के लिए सुबह 10.00 बजे से शुरू हुआ शह मात का खेल दोपहर 03.00 बजे नौवें और अंतिम राउंड तक उलटफेर के साथ चलता रहा। कान्हा परिसर, इंदौर रोड पर आयोजित दो दिवसीय फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में 8.1/2 अंक लेकर प्रथम स्थान उदयपुर के फिडे मास्टर अरुण कटारिया ने प्राप्त किया, जबकि 8 प्वाइंट के साथ दूसरे स्थान पर नागपुर के जय सवालखे रहे। स्पर्धा में तीसरा स्थान भोपाल के मितांश दीशित ने प्राप्त किया और चौथे स्थान पर खंडवा के वैभव तोमर रहे। इस स्पर्धा की खास बात यह थी कि इसमें 129 रेटेड खिलाड़ी थे, जिन्होंने अनरेटेड खलाड़ियों के साथ मुकाबला किया। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः 31000, 25000 और 20000 रुपए के नकद पुरस्कार और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। स्पर्धा में पांचवां स्थान मोहित कुमार सोनी, छठां स्थान अजय विरवानी, सातवां स्थान अश्विन डेनियल, आठवां स्थान प्रखर बजाज, नौवां स्थान रूपेश कांत, दसवां स्थान मृदुहास त्रिपाठी, ने अर्जित किया। इसी तरह ग्यारवें से पंद्रवें स्थान तक क्रमशः उत्कर्ष भागवत उज्जैन, अक्षय सिंह तोमर खंडवा, कियान पोरवाल इंदौर, शिवम जोशी उज्जैन और अभिषेक दास जमशेदपुर ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नगर पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा विभिन्न कैटेगिरी में 50 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मैडल्स और दो लाख रूपए के कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। उज्जैन में आयोजित फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडेरेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज महासंघ, भारतीय खेल प्राधिकरण और एमपी चैस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में उज्जयिनी जिला शतरंज संघ, उज्जैन द्वारा आयोजित की गई थी।

### समापन समारोह में यह रहे अतिथि

समापन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महेश परियानी, डॉ. एसके जैथलिया, कपिल भटनागर, सोनू गेहलोत, डॉ. एके पाल, डॉ. विनोद वैरागी, डॉ. एसएन पांडे, राजेश शर्मा, विश्वास शर्मा, उज्जयिनी जिला शतरंज संघ अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव महावीर जैन उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत खेल संगठनों के पदाधिकरियों और संघ के रमेशचंद शर्मा, सूरजभान सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण और आयोजन की जानकारी उज्जयिनी जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ ने दी। संचालन पुष्पेन्द्र शर्मा ने किया।

# बेगमबाग में जेसीबी-पोकलेन लेकर उतरेगा यूडीए

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच शहर में सड़क चौड़ीकरण और अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई तेज हो गई है। महाकाल मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित बेगमबाग इलाके में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने लीज उल्लंघन के मामले में अब तक दर्जन भर से ज्यादा मकानों को जेसीबी से ढहा दिया है।

हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद पुलिस बल और नगर निगम की टीम के साथ प्राधिकरण लगातार कार्रवाई कर रहा है। मुस्लिम बाहुल्य इस क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों का विरोध भी सामने आया, बावजूद प्रशासन ने वरिष्ठ मुस्लिम नागरिकों से चर्चा कर स्थिति को नियंत्रित किया और कार्रवाई जारी रखी। बेगमबाग में जैसे ही विकास प्राधिकरण और पुलिस की टीम जेसीबी के साथ पहुंचती है, पूरे इलाके में हड़कंप मच जाता है। इधर ईद का त्योहार समाप्त होने के बाद अब विकास प्राधिकरण फिर से जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है। जिन मकानों के स्टे हाईकोर्ट से खारिज हो चुके हैं, वहां बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। पिछले दो दिनों से बेगमबाग के रहवासी अपने मकान और दुकानों को बचाने के लिए विकास प्राधिकरण पहुंचकर अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्राधिकरण प्रभावित लोगों को कुछ राहत राशि देने पर भी विचार कर रहा है। यदि स्थिति सामान्य रही तो मंगलवार या बुधवार से फिर बड़ी कार्रवाई शुरू हो सकती है और चिन्हित मकानों को हटाया जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 25 मार्च को उज्जैन आने वाले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि उनके दौरे के पहले या बाद में बेगमबाग क्षेत्र में यह बड़ी कार्रवाई संभव है। सिंहस्थ 2028 और कुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को देखते हुए रोड चौड़ीकरण और निर्माण हटाने की प्रक्रिया तेज कर रहे हैं।



### रहने के लिए दिए थे घर, होटल बना लिए-28 संपत्तियों के लीज निरस्त

विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी के अनुसार बेगमबाग क्षेत्र को वर्षों पहले रहवासी योजना के तहत बसाया गया था, बावजूद कई लोगों ने भूखंडों और मकानों का व्यावसायिक उपयोग शुरू कर दिया। कुछ जगह नियमों के विपरीत संपत्तियां बेच दी गईं और कई स्थानों पर अवैध होटल भी शुरू कर दिए गए। सितंबर 2024 में प्राधिकरण ने लीज उल्लंघन के आधार पर इन निर्माणों को अवैध घोषित करते हुए लीज निरस्त कर दी थी। प्राधिकरण के अनुसार इस क्षेत्र में कुल 28 संपत्तियां ऐसी हैं जिनकी लीज निरस्त की जा चुकी है। कोर्ट में मामले लंबित होने के कारण अब तक सभी पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी, लेकिन अब हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद कार्रवाई तेज कर दी गई है और कई मकानों को जमीदोज किया जा चुका है। दरअसल बेगमबाग का यह इलाका महाकाल मंदिर जाने का मुख्य मार्ग है। सिंहस्थ 2028 के पहले मंदिर क्षेत्र को भव्य बनाने और मार्ग चौड़ा करने की योजना है।

## गौतम जयंती महोत्सव में दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**उज्जैन।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित गोतम जयंती महोत्सव अत्यंत गरिमामय एवं भव्य रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक दुबे उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में माया त्रिवेदी एवं प्रांतीय अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



कार्यक्रम में विशेष रूप से पं. नरेंद्र व्यास, पं. प्रमोद व्यास, डॉ. ओपी व्यास एवं पं. प्रदीप तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर न्यायविद अधिवक्ता स्व. बालकृष्ण उपाध्याय की स्मृति में, बालकृष्ण लीगल फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित गौतम रत्न सम्मान राजेश त्रिवेदी को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम श्री गणेश की वंदना से प्रारंभ किया गया। लगभग तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम में समाज के करीब 1500 से अधिक समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राजेंद्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## आगर रोड पर भीषण अग्निकांड

- फर्नीचर कारखाने में लगी आग, 5-6 फायर ब्रिगेड ने काबू पाया



**उज्जैन।** आगररोड पर सोमवार देर शाम भीषण आगजनी हो गई। फर्नीचर कारखाने में लगी आग के बाद अफरा-तफरी मच गई। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार आगररोड खिलचीपुर पुलिया के पास फर्नीचर कारखाना बना हुआ था। देर शाम 7.30 बजे के लगभग अचानक कारखाने में आग लग गई। कुछ पल में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटे देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। वहीं 5-6 फायर बिग्रेड की दमकले भी आग पर काबू पाने के लिये पहुंची। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले पूरा कारखाना स्वाहा हो चुका था। पुलिस के अनुसार फिलहाल आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। संभावना है कि शार्ट सर्किट हो सकता है।

### एक नजर में



## सिर पर गणगौर रखकर झूम उठीं महिलाएं

**उज्जैन।** प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में इन दिनों धार्मिक पर्वों का आयोजन लगातार जारी है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाए जाने वाले गणगौर पर्व के अवसर पर शनिवार को भाव्या ज्योतिष विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में डॉ. भारती वर्मा और गोपाल जांगलवा के नेतृत्व में एक दिवसीय गणगौर माता का सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम एवं भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षत्रिय कुमावत समाज धर्मशाला कहारवाड़ी पर हुआ। यहां डॉ. भारती सुनील तुनगर, नेहा लोकेन्द्र जवड़ा, कमलेश गोपाल जांगलवा, माधुरी चन्द्रमोहन जांगलवा, पिंकी राजेश सोनी, मोनिका उत्तम जवड़ा और रानी मीनू सचिन सोनी द्वारा पूरे विधि-विधान से गणगौर माता का सामूहिक उद्यापन संपन्न किया गया। उद्यापन के बाद देर शाम भाव्या ज्योतिष विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में भारती वर्मा के मार्गदर्शन में छोटा सराफा स्थित नृसिंह मंदिर से गणगौर माता का चल समारोह निकाला गया। महिलाएं गणगौर को सिर पर रखकर चल समारोह में शामिल हुई। यह चल समारोह गुदरी, पटनी बाजार और लखेरवाड़ी होते हुए शिप्रा नदी पहुंचा। समारोह में महिलाओं और युवतियों ने भारी उत्साह से भाग लिया। वे गणगौर माता पार्वती की प्रतिमा को सिर पर रखकर, भक्तिमय गीत गाते और नाचते हुए शामिल हुई। कहारवाड़ी में मारवाड़ी स्वर्णकार समाज पंचायत एवं न्यास के अध्यक्ष अरविन्द सोनी और उनके सभी पदाधिकारियों द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया। शिप्रा नदी पहुंचकर गणगौर माता का पूजन कर झाले वारने दिए गए। इस अवसर पर उत्तम जवड़ा, गोपाल जवड़ा, सुमित्रा जवड़ा, मनोरमा मौसान, उमा तुनगर, संगीता खत्री, उर्मिला सोलीवाल, संध्या धुपड और सरोज सोलीवाल सहित बड़ी संख्या में सनातन सर्व समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## प्रेम-प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या

**उज्जैन।** मजदूरी करने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर मां को जहर खाने की जानकारी दी। मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची। रातभर चले उपचार के बाद तड़के युवक की मौत हो गई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना सामने आया है। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के गंभीर डेम के समीप फाजलपुरा का रहने वाला चंदर पिता भागीरथ चौहान 24 वर्ष मजदूरी करता था। रविवार होने पर वह मजदूरी पर नहीं गया था। शाम को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने लगी तो मां शानूबाई को कहा कि सल्फास खाई है। मां उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची जहां रातभर चले उपचार के बाद सोमवार तड़के चंदर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि चंदर अविवाहित था और मजदूरी करता था। उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि मामला युवती से जुड़ा हुआ है, चंद्र जिसे प्रेम करता था वह युवती किसी दूसरे से बातचीत करने लगी थी, जिसके चलते चंदर का उससे विवाद हुआ था। इसी वजह से उसने मौत को गले लगाया है। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे और जांच शुरू की जाएगी उसके बाद ही आत्महत्या की वजह सामने आ पाएगी।

## रासेयो के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**उज्जैन।** भारतीय महाविद्यालय एवं भारतीय विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम चिंतामन जवासिया में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने शिविरार्थियों को राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनुशासन से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को लक्ष्य गीत के माध्यम से प्रेरित करते हुए एनएसएस के उद्देश्यों एवं महत्व को विस्तार से समझाया। समारोह की अध्यक्षता भारतीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक ने की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेहाना शेख ने सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मोबाइल मांगने पर दोस्त ने किया चाकू से हमला

**उज्जैन। बीती रात दोस्त ने ही दोस्त पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे निजी अस्पताल ले जाया जाना बताया जा रहा है। पंवासा पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर वार करने वाले की तलाश शुरू की है।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि सेंट थॉमस स्कूल के पास रहने वाले रोहित पिता राजेश बैरागी 26 वर्ष पर अजय ने पंवासा चौराहा पर रात में चाकू से वार कर दिए। रोहित के सिर, कान और गाल पर गहरी चोट लगी और वह खून से लथपथ हो गया। घटना स्थल पर ही घायल रोहित के भाई की पंचर की दुकान है। भाई ने घटनाक्रम देखा तो रोहित को अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हमला करने वाला अजय फरार हो चुका था। घायल से पूछताछ में सामने आया कि अजय उसका दोस्त है। कुछ दिन पहले उसने चलाने के लिए मोबाइल लिया था जिसे वापस मांगने की बात को लेकर कहासुनी हुई तो अजय ने चाकू से हमला किया है। पंवासा पुलिस के अनुसार डॉक्टरों ने चोट गंभीर होना बताई है जिसके चलते मामले में प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## गणगौर में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लिया भाग

- नोक-झोंक और रील बनाओ जैसी प्रतियोगिताओं ने बांधा समां

**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी सभा प्रगति महिला मंडल द्वारा होटल सुराना में गणगौर के सिंजारे का भव्य आयोजन किया गया। मंडल की अध्यक्षा रुचि गांधी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

विशेष अतिथि किरण पलोड़ एवं नेहा झंवर उपस्थित थीं, जिनका स्वागत तिलक लगाकर और ढोल के साथ पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शीला मंडोवरा तथा मंगला चितलांगिया ने किया। संयोजक वर्षा राठी, एकता आगाल और विधि मालपानी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में कई रोचक प्रतियोगिताएं हुईं। पूर्व अध्यक्ष शीतल मूंदड़ा और पायल भूतड़ा ने आकर्षक हाउजी खिलाई।




कार्यक्रम के दौरान आयोजित ईसर-गोरा प्रतियोगिता में पूर्वा और हिमांशी भूतड़ा ने प्रथम तथा प्रियंका व नीयति माहेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनोरंजक सास-बहू एवं देवरानी-जेठानी नोक-झोंक प्रतियोगिता में पूनम, भूमिका और स्वाति झंवर प्रथम रहीं, जबकि राधिका चितलांगिया व अर्पिता सोमानी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार, गणगौर रील बनाओ प्रतियोगिता में अदिति ग्रुप ने पहला और राधिका व कीर्ति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बेस्ट गणगौर के खिताब से वर्षा राठी को नवाजा गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर संतोष सोडानी, कैलाश नारायण राठी, संध्या हेड़ा विशेष रूप से उपस्थित थीं। साथ ही कुसुम भूतड़ा, राजश्री भूतड़ा, सीमा मूंदड़ा, सीमा कासट, पायल राठी, मीना मंत्री, जानकी लड्ढा, अनीता चांडक, हंसा बाहेती, शोभा मूंदड़ा, वनिता भूतड़ा, अनुराधा आगाल, स्वाति बाहेती और संध्या ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कपल्स के साथ सिंजारे के विशेष सहभोज का आनंद लिया। अंत में सचिव प्राची भूतड़ा द्वारा सभी का आभार ज्ञापित किया गया।

## महामंडलेश्वर के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों की तलाश में दिल्ली-मुंबई में दबिश

**उज्जैन।** चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने के साथ ब्लैकमेल करने की साजिश रचने वालों की तलाश में पुलिस टीम दिल्ली-मुम्बई तक दबिश मार चुकी है। बावजूद साजिश के 14 दिन बाद भी गिरफ्त में नहीं आ सके।

महाकाल थाना पुलिस ने 8 मार्च को बनारस के समरीन स्कूल के पास इंद्रानगर में रहने वाली महिला की शिकायत पर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद के खिलाफ शोषण का झूठा प्रकरण दर्ज करने का दबाव बनाने वाले घनश्याम पटेल और मंदाकिनीपुरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। मंदाकिनीपुरी की तलाश में गढ़कालिका आश्रम और घनश्याम की तलाश में इंदौर दबिश दी गई थी। लेकिन दोनों फरार होना सामने आये थे। पुलिस ने दोनों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया था। इस दौरान मंदाकिनीपुरी की लोकेशन दिल्ली और घनश्याम पटेल की मुम्बई होना सामने आई थी। पुलिस की 2 टीमें गिरफ्तारी के लिये दिल्ली-मुम्बई तक पहुंची थी, लेकिन दोनों के मोबाइल स्वीच ऑफ होने पर उनका सुराग नहीं मिल पाया था। एसआई पुरुषोत्तम गौतम के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद के खिलाफ साजिश रचकर उन्हें बदनाम करने का खुलासा होने पर संत समाज ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर दोनों आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी थी। शिकायत दर्ज कराने वाली बनारस की महिला ने बताया था कि कुछ समय पहले वह क्षिप्रा परिक्रमा और देवदर्शन के लिये उज्जैन आई थी। उस दौरान मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल से मुलाकात हुई थी। इसके चलते दोनों ने महामंडलेश्वर के खिलाफ शोषण का झूठा केस दर्ज कराने का दबाव बनाकर 50 हजार का लालच दिया था। मना करने पर घनश्याम पटेल ने बनारस आकर जान से मारने की धमकी दी और उज्जैन बुलाया।

### कोर्ट चौराहे पर बक्के से किया हमला

उड़नगर कोर्ट चौराहा पर रहने वाले निर्मल पिता सुंदरलाल चौहान को उपचार के लिए उज्जैन लाया गया है। घायल ने बताया कि वह मंडी में हम्माली करता है। रात को घर लौटते समय राहुल परमार नामक बदमाश ने रोककर शराब के रुपए मांगे। मना करने पर बक्के से हमला कर दिया।

## वृद्ध से 20 हजार लूटने वाले 2 बदमाश पकड़ाए

- 15 मार्च की शांतिनगर नाले की पुलिया के पास हुई थी वारदात

**उज्जैन।** 15 मार्च की रात इंदिरा नगर, शांतिनगर नाले की पुलिया के पास रहने वाले 65 वर्षीय रमेशचंद्र पिता गेंदालाल जैन राजेन्द्र नगर न चौराहा पर चाय-नाश्ते की दुकान जैन कैफे एव्हरफ्रेश के नाम से संचालित करते हैं। घटना वाले दिन रात 3 बजे वह दुकान पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी दुकान खोली और चाय-नाश्ते के साथ पोहे बनाने की तैयारी में लग गए।

वृद्ध के पास किराना सामान मंगाने के 20 हजार रुपए भी रखे थे। उसी दौरान बाइक पर सवार होकर चार युवक पहुंचे। पहले उन्होंने सिगरेट मांगी। रमेशचंद्र ने सिगरेट के रुपए मांगे तो चारों युवकों ने रमेशचंद्र ने पकड़ लिया और मुंह दबाकर उनके पास रखे 20 हजार रुपए छीनकर भाग निकले। मामले की जानकारी नीलगंगा पुलिस को मिली थी। पुलिस द्वारा बदमाशों का सुराग तलाशा जा रहा था। बीती रात लूट की वारदात में शामिल 2 बदमाशो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया जो शांतिनगर क्षेत्र के होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा हिरासत में आए आरोपियों से पूछताछ कर उसके अन्य साथियो के संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। लूट में शामिल चारों बदमाशों के गिरफ्त में आने पर मामले का खुलासा किया जाएगा।

**अखाड़ा विवाद गहराया** — महाकाल के दर्शन किए, पत्रकारों से कहा-इसके लिए करना पड़ती है 100 गुना मेहनत

## हरि गिरि महाराज बोले-अखाड़ा परिषद अध्यक्ष बनने का कई लोग देख सकते हैं सपना

**उज्जैन।** अखाड़े परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर मचे घमासान के बीच अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज उज्जैन पहुंचे। सोमवार को उन्होंने महाकाल दर्शन के दर्शन कर दुनिया में चल रहे युद्ध को लेकर भगवान महाकाल से जल्द युद्ध खत्म होने की प्रार्थना की। साथ ही नासिक कुंभ की सफलता के लिए भी कामना की। महाराज ने गर्भगृह में जाकर अभिषेक-पूजन किया। पूजन आकाश पुजारी ने संपन्न कराया।

इसके बाद मीडिया से चर्चा में हरि गिरि महाराज ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष विवाद पर कहा कि सपने देखने का हक सभी को है। बीजेपी का हर कार्यकर्ता पीएम बनने का सपना देख सकता है। ऐसे ही अखाड़े में अध्यक्ष बनने का सपना कुछ लोग देख रहे हैं। मंगलनाथ रोड स्थित खाक चौक पर श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़े में रविवार को 8 अखाड़ों के संत-महंतों और पदाधिकारियों की बैठक में महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आगामी सिंहस्थ में उनके नेतृत्व में कुंभ मेले में भाग लेने की बात सामने आई है। इस दौरान उन्होंने अपने साथ 8 अखाड़े का समर्थन होने का दावा भी किया। इसके बाद उज्जैन में अखाड़ा परिषद के दो अध्यक्षों के नाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। महाकाल दर्शन के दौरान महाराज के साथ अखाड़ा परिषद के गोविंद सोलंकी, राहुल कटारिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष का पद पाने की इच्छा होना गलत बात नहीं है बीजेपी का नेता पीएम बनने तक के सपने देखता है। उन्होंने पहले भी कई बार प्रयास हुए, लेकिन उन्हें 100 गुना अधिक मेहनत करना पड़ेगी। सपने देखना गलत नहीं है। 13 अखाड़े के समर्थन से अध्यक्ष बनता है, चुनाव की बैठक हुई क्या, नियम है की 3 महीने का नोटिस देकर बैठक बुलानी चाहिए। अभी तक तो ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। फिर नया अध्यक्ष कैसे बन सकता है। निरंजनी अखाड़े के श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ही अध्यक्ष है।



### शिवमहापुराण का पूजन और महाआरती की

**उज्जैन।** कबीरनगर में पांच दिवसीय शिवमहापुराण के भागवताचार्य पं. मोरारी चौबे का साफ़ा बांधकर, शाल, श्रीफल तथा पुष्पमालाओं से अभिनंन्दन एवं शिवमहापुराण का पूजन, महाआरती की तथा गोपालसिंह चौहान का माला, सारोपा तथा शाल, श्रीफल से अनिलसिंह चंदेल, हरदयालसिंह, अभिषेकसिंह बैस, अनिलसिंह राजपूत एवं प्रदीपसिंह तोमर, गौरवसिंह चंदेल आदि ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

**सरस गोष्ठी आज-उज्जैन।** मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा मंगलवार 24 मार्च को प्रेस क्लब में सरस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। शाम 5 बजे चायपान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि गोष्ठी में मुख्य अतिथि राजेन्द्र गट्टानी होंगे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम नवलसिग NAVALSINGH था जो अब बदलकर नवलसिंग सोलंकी NAVAL SINGH Solanki हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा

Navalsingh Solanki
पता tahsil depalpur,
gram piranivasa